# हिन्दी

## अध्याय-14: पानी और धूप




SHIVOM CLASSES 8696608541

## NCERT SOLUTIONS

## वाक्य पूरा करो प्रश्न (पृष्ठ संख्या 81)

-सुभद्रा कुमारी चौहान

प्रश्न 1 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो

कहाँ से, किसने, क्यों, क्या, किससे, किसको

1. सूरज ने________बंद कर दिया अपने घर का दरवाजा।
2. बादल है________काका।
3. बरसने लगा________यह पानी।
4. ________फोड़ घड़े बादल के की है इतनी शैतानी।
5. ________डाँट रहे हैं________कहना नहीं सुना माँ का।

उत्तर-

1. सूरज ने क्यों बंद कर दिया अपने घर का दरवाजा।
2. बादल है किसके काका।
3. बरसने लगा क्यों यह पानी।
4. किसने फोड़ घड़े बादल के की है इतनी शैतानी।
5. किसको डाँट रहे हैं किसने कहना नहीं सुना माँ का

SHIVOM CLASSES 8696608541

## वाक्य पूरा करो प्रश्न (पृष्ठ संख्या 81)

प्रश्न 1 नमूना → सूरज की माँ ने उसको बुला लिया।

ऐसा लगता है कि आसमान में सूरज नज़र नहीं आ रहा होगा।

सूरज ने अपने घर का दरवाज़ा बंद कर लिया।

उत्तर- ऐसा लगता है कि सूरज बादलों में छिप गया होगा।

प्रश्न 2 नमूना → सूरज की माँ ने उसको बुला लिया।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

ऐसा लगता है कि आसमान में सूरज नज़र नहीं आ रहा होगा।

काका किसी को ज़ोर-ज़ोर से डाँट रहे हैं।

उत्तर- ऐसा लगता है कि बादल गरज रहे होंगे।

प्रश्न 3 नमूना → सूरज की माँ ने उसको बुला लिया।

ऐसा लगता है कि आसमान में सूरज नज़र नहीं आ रहा होगा।

आँगन में तलवार चल रही है।

उत्तर- ऐसा लगता है कि आसमान में बिजली कड़कने से चिंगारी उठ रही होगी।

## कविता में ढूँढ़ो (पृष्ठ संख्या 81)

प्रश्न 1 किन पंक्तियों से पता चलता है कि इस कविता में माँ-बेटी या माँ-बेटे के बीच बातचीत हो रही है।

उत्तर-

अगर चाहती हो माँ काका
जाएँ अब न जेलखाना
तो फिर बिजली के घर मुझको
तुम जल्दी से पहुँचाना।
काका जेल न जाएँगे अब
तुझे मँगा दूँगी तलवार
पर बिजली के घर जाने का
अब मत करना कभी विचार।

प्रश्न 2 यह कविता आज़ादी मिलने से पहले के समय में लिखी गई थी। उस समय हमारे देश पर अंग्रेज़ों का राज था। किन पंक्तियों से पता चलता है कि लड़का/ लड़की के काका स्वतंत्रता सेनानी थे?



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- पुलिसमैन अपने काका कोफिर न पकड़ने आएँगे

देखेंगे तलवार दूर से ही

वे सब डर जाएँगे।

## रिक्त स्थान भरो (पृष्ठ संख्या 81-82)

प्रश्न 1

नमूना → काका जेल न जाएँगे अब

अब मत करना कभी विचार

माँ वे सीख नहीं पाए

न, मत, नहीं का इस्तेमाल किसी काम के मनाही के लिए किया गया है। तुम नीचे लिखे वाक्यों में 'न', 'मत', 'मना' और नहीं भरो।

a. तुम वहाँ_______जाओ।
b. परीक्षा में________जो रामू फेल हुआ________ही असलम।
c. मुझे इस प्रश्न का उत्तर________पता।
d. माँ ने मुझे छत पर जाने से________किया है।

उत्तर-

a. तुम वहाँ मत जाओ।
b. परीक्षा में न जो रामू फेल हुआ न ही असलम।
c. मुझे इस प्रश्न का उत्तर नहीं पता।
d. माँ ने मुझे छत पर जाने से मना किया है।

## कविता के अनुसार (पृष्ठ संख्या 82)

प्रश्न 1 सूरज को उसकी माँ ने क्यों बुला लिया?



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- सूरज की माँ ने उसको इसलिए बुला लिया क्योंकि बारिश होने लगी थी।

प्रश्न 2 बादल काका ज़ोर-ज़ोर से क्यों डाँट रहे हैं?

उत्तर- बादल काका इसलिए डाँट रहे हैं क्योंकि बच्चों ने माँ का कहना नहीं माना।

प्रश्न 3 बिजली के बच्चों के वार खाली क्यों जा रहे हैं?

उत्तर- बिजली के बच्चों के वार इसलिए खाली जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने अभी तलवार ठीक तरीके से चलाना नहीं सिखा है।

प्रश्न 4 लड़की बिजली के घर क्यों जाना चाहती है?

उत्तर- लड़की बिजली के घर उसके बच्चों को तलवार सिखाने के लिए जाना चाहती है।

प्रश्न 5 बिजली के घर में तलवार चलाना कौन सीख रहा है?

उत्तर- बिजली के घर में तलवार चलाना उसके बच्चे सीखे रहे हैं।

## पता करो (पृष्ठ संख्या 82)

प्रश्न 1 कुछ ऐसे देशभक्तों के नाम पता करके लिखो जो बचपन से ही आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े थे।

उत्तर- भगत सिंह, सुखदेव, चन्द्रशेखर आज़ाद, खुदीराम बोस।

प्रश्न 2 जब बच्ची अपनी माँ से सब बातें कर रही थी, उस समय का आसमान और मौसम कैसा रहा होगा? अपनी कल्पना से बताओ। (संकेत- धूप, सूरज, बादल, धरती, बिजली, लोगों की परेशानियाँ आदि)

उत्तर- उस समय में सूरज बादलों में छिप गया होगा। आसमान में काले बादल छाये होंगे। चारों ओर अँधेरा छा गया होगा। बारिश की छोटी-छोटी बूँदें टपक रही होगीं। आकाश में बादल गरज रहे होगें। बिजली चमक रही होगी। लोग अपने घरों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे होगें।



SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 3 कविता में आया है कि सूरज की माँ ने उसे घर के भीतर बुला लिया। पता करो कि क्या सूरज की भी माँ होती होगी?

उत्तर- सूरज एक गैस का गोला है। यह हीलियम, हाइड्रोजन और अन्य गैसों से बना हुआ है। चूँकि सूरज कोई जीवित चीज़ नहीं इसलिए उसकी माँ नहीं हो सकती।

## आजादी की बात (पृष्ठ संख्या 82)

प्रश्न 1 "तब माँ कोई कर न सकेगा

अपने ऊपर अत्याचार।"

कविता की इस पंक्ति में किस अत्याचार की बात की जा रही है? वे किस तरह के अत्याचार करते थे?

उत्तर- कविता की इस पंक्ति में गुलामी के समय अंग्रेज़ों द्वारा देशवासियों पर किये गए अत्याचार की बात की जा रही है। अंग्रेज़ों ने भारतीयों को आर्थिक, शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। वे भारत की वस्तुओं को अपने देश भेज रहे थे। विरोध करने पर वे भारतीयों को जेल में डाल देते तथा कई प्रकार की यातनाएँ देते। 'फूट डालो, राज करो' की राजनीति पर चलते हुए वे लोगों की बीच दंगे करवाते।

## घर की बात (पृष्ठ संख्या 82-83)

प्रश्न 2 "बिजली के आँगन में अम्मा........ "

इसमें जो आँगन है वह घर के बाहर के हिस्से को कहा गया है। घर के इन भागों को तुम अपनी भाषा में क्या कहते हो?

- कमरा
- बरामदा
- रसोई
- छत



SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- बैठक
- स्नानघर
- जीना
- शौचालय

उत्तर-

- कमरा - रूम
- बरामदा - गलियारा
- रसोई - किचन
- छत - छत
- बैठक - बैठक
- स्नानघर - बाथरूम
- जीना - जीना
- शौचालय - वॉशरूम

## कविता बनाओ (पृष्ठ संख्या 83)

प्रश्न 3 नीचे कविता में से कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। कविता की अगली पंक्तियाँ स्वयं बनाओ। ध्यान रखो, कविता में से देखकर नहीं लिखना।

नमूना→ ज़ोर-ज़ोर से गरज रहे हैं।

तड़ तड़ तड़ तड़ बरस रहे हैं।

a. तब माँ कोई कर न सकेगा
b. बिजली के आँगन में अम्माँ
c. किसने फोड़ घड़े बादल के

उत्तर-

a. तब माँ कोई कर न सकेगा

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

हम बच्चों पर अत्याचार

b. बिजली के आँगन में अम्माँ

संग खेलेंगे हम

c. किसने फोड़ घड़े बादल के

किसने पानी बरसाई

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)